देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 26.05.2026
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- राज्य निर्वाचन आयोग ने टिहरी की नगर पालिका नरेंद्रनगर, ऊधमसिंह नगर की नगर पंचायत गढ़ी नेगी और चंपावत की नगर पंचायत पाटी में निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी।
- उत्तराखंड बोर्ड ने परीक्षाफल सुधार परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई।
- पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी ने एस आई आर को पारदर्शिता व निष्पक्षता से संपन्न कराने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग देने की अपील की।
- मौसम विभाग ने राज्य के मैदानी जिलों में आज और कल लू जैसी स्थिति की संभावना जताई।

चुनाव अधिसूचना

राज्य निर्वाचन आयोग ने टिहरी जिले की नगर पालिका नरेंद्रनगर, ऊधमसिंह नगर की नगर पंचायत गढ़ी नेगी और चंपावत की नगर पंचायत पाटी में निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी। राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार की ओर से जारी अधिसूचना के बाद अब जिला स्तर पर भी अधिसूचना जारी होगी। अधिसूचना के अनुसार कल से 29 मई तक सुबह 10 से शाम पांच बजे के तक नामांकन पत्रों की बिक्री और नामांकन पत्र जमा होंगे। 30 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 31 मई को सुबह दस से दोपहर तीन बजे तक नाम वापस लिया जा सकेगा। एक जून को सुबह दस बजे से चुनाव चिह्न आवंटन होगा। इसके बाद नौ जून को सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा और 11 जून को मतगणना का कार्य किया जाएगा। तीनों निकायों के 18 वार्डों में मतदान के लिए 19 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

उत्तराखंड बोर्ड

उत्तराखंड बोर्ड ने परीक्षाफल सुधार परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। परीक्षाफल सुधार के लिए छात्र अब 28 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। पहले यह तिथि 24 मई निर्धारित की गई थी। बोर्ड के सचिव विनोद सिमल्टी ने इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि छात्रहित को ध्यान में रखते परीक्षा आवेदन करने की तिथि बढ़ाई गई है। उन्होंने बताया कि कई विद्यालयों ने अभी तक आवेदन पत्र नहीं भरे गये थे। कुछ विद्यालयों ने नामावली डाउनलोड न होने से छात्रों को आवेदन करने में परेशानी हो रही थी। श्री सेमल्टी ने बताया कि सभी मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को अपने स्तर पर विद्यालयों को निर्देशित करने के लिए कहा गया है।

गढ़वाल मंडलायुक्त

नवनियुक्त गढ़वाल मंडलायुक्त आनंद स्वरूप ने कार्यभार संभाल लिया है। कार्यभार संभालते ही आनंद स्वरूप ने चारधाम यात्रा को अपनी पहली प्राथमिकता बताया। उन्होंने चारधाम यात्रा पर आने वाले सभी तीर्थयात्रियों से अपील की है कि बिना पंजीकरण चारधाम न आएं। आयुक्त ने कहा कि सड़क, स्वास्थ्य, पार्किंग और ट्रैफिक समेत सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा को व्यवस्थित बनाना और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा देना ही प्राथमिकता है।

<u>प्रशिक्षण</u>

पौड़ी में निर्वाचन नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2026 के तहत कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रेक्षागृह में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीएलओ, सुपरवाइजर, बीएलए और आईटी वॉलेंटियरों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान मतदाता सूची पुनरीक्षण, सत्यापन, प्रपत्र वितरण और ऑनलाइन फीडिंग की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण प्रभारी दीपक रावत ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 8 जून से शुरू किया जाएगा। इसके तहत बीएलओ घर–घर जाकर मतदाताओं का भौतिक सत्यापन करेंगे। अभियान में नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने और मतदाता सूची में त्रुटियों के संशोधन का कार्य किया जाएगा।

प्रशिक्षण में बताया गया कि 1 जुलाई 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के पात्र होंगे। 8 जून से 7 जुलाई तक घर–घर सत्यापन अभियान चलाया जाएगा। 14 जुलाई को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित होगी, जबकि 10 जुलाई से 13 अगस्त तक दावे और आपत्तियां ली जाएंगी। अंतिम मतदाता सूची 15 सितंबर 2026 को प्रकाशित की जाएगी।

एसआईआर

पिथौरागढ़ जिला प्रशासन ने विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर की तैयारियां पूरी कर ली हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी आशीष भटगाई और अपर जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह ने जिला कार्यालय में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर एसआईआर प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी साझा की। इस दौरान सभी दलों से इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया में प्रशासन को सहयोग देने की अपील की गई।

जिलाधिकारी आशीष भटगाई ने बताया कि एसआईआर का कैलेंडर जारी हो चुका है और उसके अनुरूप तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि प्री–एसआईआर की प्रक्रिया पहले से जारी है। प्रशासन का लक्ष्य एसआईआर को पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराना है।

स्वास्थ्य शिविर

चम्पावत जिले के दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लोहाघाट विकासखंड में एक जून से विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से यह अभियान चलाया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेश चौहान ने बताया कि शिविरों में ग्रामीणों को ब्लड टेस्ट, शुगर जांच, एक्स–रे सहित विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण और चिकित्सकीय परामर्श की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। स्वास्थ्य विभाग की विशेषज्ञ टीमें गांवों और तोकों में पहुंचकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगी।

उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और गंभीर बीमारियों की प्रारंभिक पहचान सुनिश्चित करना है, ताकि लोगों को उपचार के लिए दूरस्थ अस्पतालों तक न जाना पड़े।

कार्यक्रम के अनुसार 1 जून को भुमलाई में शिविर का शुभारंभ होगा। इसके बाद 2 जून से 15 जून तक लोहाघाट विकासखंड के विभिन्न गांवों और क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे।

मौसम

राज्य के मैदानी जिलों में आज और कल अत्यधिक गर्मी की संभावना है। विशेष रूप से हरिद्वार, ऊधम सिंह नगर, देहरादून, पौड़ी, नैनीताल और चम्पावत जिलों के कुछ स्थानों पर लू जैसी स्थिति बन सकती है। इसे देखते हुए जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र, देहरादून ने पत्र जारी कर सभी जिलों को सतर्क रहने एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के साथ ही आपदा नियंत्रण कक्ष को 24 घंटे सक्रिय रखने को कहा है। इसके अतिरिक्त बिजली व पेयजल की निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने और पानी की कमी वाले क्षेत्रों में टैंकरों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार

सुमन ने आम जनमानस से अत्यधिक गर्मी के दौरान दोपहर के समय अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त मात्रा में पानी एवं तरल पदार्थ का सेवन करने की अपील की है।

एशियाई अंडर–23 कुश्ती

वियतनाम में एशियाई अंडर–23 कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय पहलवान विक्की और अक्षय तानाजी धीरे ने पुरुष फ्री स्टाइल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। 57 किलोग्राम फ्री स्टाइल वर्ग में अक्षय ने येलामन अमानगेल्डी को 4–2 से हराया। वहीं, 97 किलोग्राम वर्ग में विक्की ने शेरजोद पोयोनोव को 7–5 से से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।